## एक नजर में

### राजू पालड़िया मेवाड़ा सूत्रकार भांभी समाज के अध्यक्ष बने



**मंदसौर।** रविवार को मेवाड़ा सुत्रकार भांभी समाज का अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुआ। जिसमें समाज के मतदाताओं ने उत्साह के साथ चुनाव में भाग लिया। कुल 291 मतदान हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राजू जी पालड़िया को 177 वोट मिले और मदनलाल जी कटारिया को 106 वोट मिले 6 वोट रिजेक्ट हुए और एक मत क्रास हुआ। जिसमें अध्यक्ष राजू पालड़िया को चुनाव समिति के अधिकारी राजेंद्र गहलोत ने उन्हें 71 मतों से विजय घोषित किया।

### मध्यप्रदेश पेंशनर समाज का सम्मेलन संपन्न



**मन्दसौर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनासा के सभागृह में मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा मनासा का तहसील स्तरीय 13वां सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई एवं सरस्वती वंदना की गई। तत्पश्चात संगठन के गत वर्ष दिवंगत हुए सदस्यों को हार्दिक श्रद्धांजलि देने के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंचासीन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष डी.पी. दुबे, महामंत्री सुरेंद्र कुमार स्थापक मुख्यालय जबलपुर एवं विशेष अतिथि प्रांतीय महासचिव डॉ. सी.के. विश्नोई मंदसौर एवं आर.सी. मिश्रा, प्रांतीय सचिव राधेश्याम टेलर भानपुरा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नीमच जिला अध्यक्ष जे.सी. गुजेटिया, और इस संगठन के वरिष्ठ संरक्षक एवं साहित्यकार डॉ पूरन सहगल मनासा का शाल एवं श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। स्वागत की कड़ी में मध्य प्रदेश पेंशनर समाज मुख्यालय जबलपुर प्रांत अध्यक्ष डी.पी. दुबे द्वारा प्रांतीय महासचिव डॉ. सी.के. विश्नोई मंदसौर एवं देवीलाल शर्मा प्रांतीय सचिव मनासा को प्रशस्ति पत्र भेंटकर पेंशनर रत्न से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मध्य प्रदेश पेंशनर समाज के प्रांतीय सचिव एवं अध्यक्ष देवीलाल शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का हार्दिक स्वागत, अभिनंदन करते हुए वर्ष भर की संगठन गतिविधियों की जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश शासन से मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ राज्य की पुनर्गठन 2000 की धारा 49(6) को शीघ्र हटाए जाने की मांग कर जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई राहत के अविलंब भुगतान के आदेश प्रसारित करने की मांग की गई। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार रखे और सुझाव दिए। कार्यक्रम का आभार हरिनारायण नंदवाना द्वारा किया गया और अंत में राष्ट्रगीत के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया।

### मानकुंवर बाई सोनी के निधन पर परिजनों ने लायंस के माध्यम से कराए नेत्रदान



**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर की प्रेरणा से मानवता की सेवा और परोपकार की भावना को चरितार्थ करते हुए सोनी परिवार ने एक सराहनीय पहल की है। डॉ. मुकेश सोनी एवं डॉ. राजेश सोनी की पूज्य माताजी श्रीमती मानकुंवर बाई सोनी के स्वर्गवास होने पर, उनके परिजनों ने शोक की इस घड़ी में भी समाज के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभाते हुए लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से नेत्रदान का पुण्य कार्य संपन्न कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा एवं डॉ. विक्रांत भावसार ने दिवंगत श्रीमती सोनी के निवास पर पहुंचकर नेत्र उत्सर्जित किए। इस पुण्य कार्य को संपन्न कराने में समाजसेवी कपिल भंडारी का विशेष सहयोग रहा। इस पुनीत कार्य के दौरान लायंस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी एवं मयूर सुराना ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब पदाधिकारियों ने सोनी परिवार के इस साहसिक और प्रेरणादायी निर्णय की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि समाज में नेत्रदान के प्रति ऐसी जागरूकता ही अंधत्व निवारण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज करेंगे विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण



**मंदसौर।** अपर कलेक्टर एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा 29 दिसंबर को मंदसौर जिले के ग्राम पिपल्याकराडिया में पिपल्याकराडिया एवं सूरी के हा.से. स्कूल एवं सी.सी. कार्य का लोकार्पण, पाडलियामारू एवं लिलदा के उप स्वा. केन्द्र का लोकार्पण, ग्राम लिलदा से नाहरगढ़ पित्याखेडी सडक का भूमि पूजन, ग्राम खण्डेरियामारू से नावनखेडी तक सडक, गौशाला, वाटरशेड डेम एवं मुख्यमंत्री पेयजल योजना का लोकार्पण करेंगे। ग्राम राणाखेडा में लोध से भूखी व्हाया बर्डिया बरखेडा सडक का भूमिपूजन, ग्राम राणाखेडा से बांसाखेडी नेतावली सडक, भटाना से रूपावली सडक, राणाखेडा में सी.सी. रोड, आंगनवाडी भवन एवं बिलांत्री में आंगनवाडी भवन का लोकार्पण, ग्राम पालडी के उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण करेंगे।

### 'मन से मंदसौर' में गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट का योगदान सराहनीय



**मंदसौर।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'मन से मंदसौर' के अंतर्गत नूतन स्टेडियम में गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले के 81 शासकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 5 तक के लगभग 4 हजार विद्यार्थियों को स्वेटर एवं जूते वितरित किए गए। यह सामग्री ट्रस्ट संचालक प्रदीप गनेड़ीवाल द्वारा भेंट की गई। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, कलेक्टर अदिती गर्ग, पूर्व विधायक सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतीकात्मक रूप से बच्चों को सामग्री वितरित की। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा शीघ्र ही 'हॉकी वात्सल्य प्रीमियर लीग' के आयोजन की घोषणा की गई, जिससे जिले में खेल गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। अतिथियों ने ट्रस्ट के सामाजिक सरोकारों एवं प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया।

# गोल चौराहा क्षेत्र में फ्रिज दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान




**मंदसौर। शहर के गोल चौराहा क्षेत्र में आज उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कांग्रेस नेत्री के निवास के नीचे स्थित एक फ्रिज एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। इस हादसे में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने की घटना दिन के समय हुई, जिससे आसपास के क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया। आग की चपेट में दुकान में खड़ा एक फोर व्हीलर वाहन एवं दो मोटरसाइकिलें भी आ गईं, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। दुकान में रखे फ्रिज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य सामग्री भी जल गई।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन एवं पुलिस अमला तत्काल मौके पर पहुंचा। मंदसौर एसडीएम शिवलाल शाक्य, एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) जितेंद्र भास्कर सहित नगर पालिका की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

आग पर काबू पाने के लिए आसपास के क्षेत्रों से फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर नियंत्रण पाया, जिससे आसपास की दुकानों एवं मकानों को और अधिक नुकसान होने से बचा लिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी अधिक बताया जा रहा है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

> **घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंचे महेंद्र सिंह गुर्जर**
>
> कांग्रेस नेत्री राखी सत्रावाला के घर में अचानक लगी भीषण आग की सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और परिवार को हुई भारी क्षति के लिए उचित मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की। यह घटना दिल दहला देने वाली है। जिससे काफी नुकसान पहुँचा है। संपत्ति का भारी नुकसान हुआ।

## करमदीखेड़ा शंभुसिंह हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** करमदीखेडा गांव में हुए शंभुसिंह सौधिया राजपूत हत्याकांड के फरार आरोपी को भानपुरा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरील एवं एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी भानपुरा निरीक्षक आर.सी. दांगी के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार घटना 22 अक्टूबर 2025 की रात करीब 10.15 बजे की है, जब पीकअप चालक धनराज अपने गांव लौट रहा था। बालाजी मंदिर के पास मृतक शंभुसिंह एवं उसके साथी द्वारा मारपीट किए जाने से आहत होकर धनराज ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद करमदीखेडा में शंभुसिंह के घर के सामने धनराज एवं उसके साथियों ने एक राय होकर लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे शंभुसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

## बही पार्श्वनाथ तीर्थ पर 5 दिवसीय ज्ञान संस्कार शिविर

**मंदसौर।** परम पूज्य आचार्य निपुणरत्न सुरीश्वर मा.सा आदि ठाणा के सानिध्य में श्रीमती मोहनदेवी खुमानसिंह भंडारी परिवार के सौजन्य से बही पार्श्वनाथ तीर्थ पर पांच दिवसीय ज्ञान संस्कार शिविर का आयोजन प्रारंभ होगा। 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलने वाले इस शिविर में मंदसौर एवं आसपास के अंचल के करीब 120 बालक सम्मिलित होंगे।

शिविर में आचार्यश्री एवं गुरु भगवन्तों द्वारा इन बालकों को जैन संस्कारों के साथ ही सुखी जीवन जीने के हुनर सिखाए जाएंगे। शिविर में प्रतिदिन सामूहिक प्रतिक्रमण, सामायिक, आत्म रक्षा, प्राणायाम, अष्टप्रकारी पूजा, सात अंगशुद्धि, पांच अभिगम आदि के साथ ही खेलखुद व संध्या भक्ति के आयोजन भी होंगे।

## ठंड के कारण आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग द्वारा आदेशित किया गया है कि मंदसौर जिले में वर्तमान मौसम परिवर्तन के अंतर्गत शीत लहर एवं अधिक ठंड को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुविधा के दृष्टिगत आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है।

जारी आदेशानुसार आंगनवाड़ी केंद्र शीतकालीन अवधि में दिनांक 15 फरवरी 2026 तक बच्चों के लिए प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए केंद्र का संचालन समय पूर्ववत शाम 05:00 बजे तक रहेगा। दोपहर 03:00 बजे के पश्चात आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र से संबंधित रिकॉर्ड संधारण, गृहभेंट एवं अन्य आवश्यक कार्य संपादित किए जाएंगे।

## पेंशनर महासंघ की त्रैमासिक बैठक आयोजित



**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेन्शनर नागरिक महासंघ मन्दसौर की त्रैमासिक बैठक पं. दीनदयाल वृद्धजन सेवा केन्द्र पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामप्रताप वाक्तरिया नगरी ने की। बैठक का प्रारम्भ भारत माता व सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सरस्वती वन्दना अशोक नागदा नगर सचिव ने प्रस्तुत की। संगठन का प्रेरणा गीत पंकज शर्मा पिपलिया मण्डी अध्यक्ष द्वारा लिया। रमेशचंद्र चन्द्रे उपाध्यक्ष व वरिष्ट पेंशनर शिवनारायण व्यास मंचासिन रहे।

बैठक मे एजेंडा अनुसार सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित इकाइयों द्वारा वर्ष 2025 की सदस्यता की जानकारी दी व सदस्यता राशि जमा की गई। सभी इकाइयों को वर्ष 2026 के लिए नवीन रसीद कट्टो का वितरण किया गया व इकाई के अध्यक्ष सचिव से आग्रह किया कि दायित्ववान पुस्तिका मे इकाई के क्षेत्र मे आने वाली ग्राम पंचायतों में भी जाकर सदस्यता बढ़ाने का प्रयास करे।

रामकृष्ण वैष्णव नाहरगढ़ ने कहा कि हमारी ईकाई प्रत्येक सामाजिक कार्यों मे भाग लेती है हमने पेंशनर डे भी मनाया हमे स्वाध्याय भी करना चाहिए। रामप्रताप वाक्तरिया ने कहा कि नगरी के आसपास जो धार्मिक स्थल है हमने वहां वृक्षारोपण किया। पिपलिया के पंकज शर्मा ने कहा कि ईकाई सभी सामाजिक गतिविधियों मे भाग लेती है मासिक बैठक प्रतिमाह 5 तारीख को होती है बरखेड़ा पन्थ मे सांवरिया मन्दिर मे वृक्षारोपण किया। मांगीलाल शुक्ला नारायणगढ़ ने कहा कि हम गौशाला मे नियमित सेवा कार्य करते हैं।

करणसिंह चौहान बूढ़ा ने कहा कि ईकाई के सभी बन्धु सामाजिक उत्सवों मे भाग लेते है व समाजो व धार्मिक चल समारोह का स्वागत भी करते हैं। ओमप्रकाश सोनी कयामपुर ने कहा कि नाहरगढ़ ईकाई से प्रेरणा लेकर हमारी ईकाई भी सक्रिय हुई हैं। संगठन को ऐसे पेन्शनरों का सहयोग करना चाहिए जो नियमों का ज्ञान नहीं रखते हैं। अजीजुल्ला खान ने कहा कि ईकाई मे 15-20 कार्यकर्ता होते है परन्तु सक्रिय कार्य करनेवाले 3-4 ही होते है। कोरोना काल में शासन ने 18 माह का महंगाई भत्ता महंगाई राहत फ्रिज की थी इसके लिये भी मान. सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई हैं।

रमेशचन्द्र चन्द्रे ने कहा कि कलयुग में संगठन शक्ति ही सबकुछ हैं। आन्दोलनों मे आपके सिर गिने जाते हैं जब भी संगठन कोई आन्दोलन करें अधिक से अधिक संख्या मे हमें भाग लेना चाहिए।

# कांग्रेस पार्टी देश की सेवा में हमेशा आगे रही : गुर्जर

**जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया, तिरंगा फहराया, संविधान की रक्षा का लिया संकल्प**



**मन्दसौर। जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम जनता के लिए आज का दिन अत्यंत ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी रहा। जिला कांग्रेस कार्यालय, मंदसौर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन बड़े उत्साह, संगठनात्मक ऊर्जा एवं भावनात्मक जुड़ाव के साथ संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी ली। कार्यक्रम में विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, वरिष्ठ नेता प्रकाश रातड़िया सहित अनेक प्रमुख कांग्रेस नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में 72 दूरदर्शी नेताओं द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की गई थी।

यह वह ऐतिहासिक संगठन है जिसने सत्य, अहिंसा, बलिदान एवं अथक संघर्ष के माध्यम से भारत को आजादी दिलाई। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सुभाष चंद्र बोस, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी जैसे महान नेताओं ने कांग्रेस को भारत की आत्मा का प्रतीक बनाया। कांग्रेस ने सदैव कमजोर, वंचित, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, किसान एवं मजदूर वर्ग के हितों की रक्षा की है।

गुर्जर ने कहा कि मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, ग्रामीण विकास जैसी क्रांतिकारी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आया। आज जब संविधान पर हमला हो रहा है, संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है और नफरत की राजनीति फैलाई जा रही है, तब कांग्रेस ही वह साहसी आवाज है जो सत्य, न्याय एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अडिग खड़ी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने कहा कि वर्तमान समय में संविधान व लोकतंत्र की रक्षा सबसे बड़ी चुनौती है।



## नन्द सेवा संकल्प समिति कैंसर मित्र कार्यक्रम को मिल रहा समाज का व्यापक सहयोग

**मंदसौर।** जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से सामाजिक सरोकार रखने वाले लोग कैंसर मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत आगे आकर मानव सेवा की मिसाल पेश कर रहे हैं। नंद सेवा संकल्प समिति द्वारा कैंसर पीड़ित मरीजों की सहायता के लिए चलाए जा रहे इस अभियान को लगातार समाज का समर्थन मिल रहा है।

नंद सेवा संकल्प समिति के अध्यक्ष दयाराम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सुवासरा के सेन समाज एवं सीतामऊ के बोहरा समाज के सामाजिक बंधुओं ने संस्था की सदस्यता ग्रहण कर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। मंदसौर शहर से भी कई सामाजिक क्षेत्र से जुड़े जागरूक नागरिक संस्था से जुड़कर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस मानवीय अभियान में अहमदाबाद के व्यापारियों ने भी सहभागिता निभाते हुए कंबल वितरण कर सहयोग किया। साथ ही रामनारायण मालवीय (मंदसौर) द्वारा भी 14 कंबल संस्था को भेंट कर सेवा भावना का परिचय दिया गया। अध्यक्ष दयाराम चौहान ने बताया कि अब तक मध्यप्रदेश के 5 कैंसर मरीज अहमदाबाद पहुंचकर नंद सेवा संकल्प समिति की सेवाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हैं, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को बड़ी राहत मिली है।





## सांसद खेल महोत्सव : गरोठ में सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने दिखाया खेल कौशल

**गरोठ। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने विकास खंड गरोठ द्वारा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत एक भव्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम सीएमसीएलडीपी**

विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना को जागृत करना और उनके व्यक्तित्व विकास में शारीरिक गतिविधियों को जोड़ना है। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

आयोजन की मुख्य झलकियाँ प्रतिभागी BSW और MSW के विद्यार्थी। प्रमुख खेल रस्साकशी, दौड़, लंबी कूद, चेयर रेस और अन्य स्थानीय खेल स्पर्धाएँ। अनुशासन सभी छात्र-छात्राओं ने खेल नियमों का पालन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का उद्देश्य ही ऐसे नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करना है जो शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त हों। इस अवसर पर परिषद के परामर्शदाता किशोर प्रजापति, राजबहादुर सिंह सिसोदिया, हेमंत पांडे, रघुवीर सिंह सोलंकी, प्रियंका मांदलिया एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र/ छात्रा उपस्थित रहे। यह जानकारी नारायण सिंह निनामा ने दी।

**एक नजर** | **निकला चल समारोह, भव्य प्रभु भक्ति का हुआ आयोजन**

# धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गुरू सप्तमी महोत्सव



**मंदसौर।** त्रिस्तुतिक जैन समाज के आराध्य जन-जन की आस्था के केन्द्र, श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरीश्वर म.सा. का 199 वां जन्मोत्सव एवं 119 वां स्वगारोंहण दिवस 27 दिसम्बर 2025, शनिवार को गुरु सप्तमी के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर लोकसंत पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. की कृपा से पूज्य गच्छाधिपति, आचार्य देवेश, श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वर म.सा. एवं आचार्य देवेश श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीश्वर म.सा. के पावन आशीर्वाद से श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय जैन श्वेताम्बर त्रिस्तुतिक श्रीसंघ व अ.भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक, महिला, तरुण परिषद् के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गए। शनिवार को सप्तमी के अवसर पर गुरु राजेन्द्र रथ यात्रा प्रात: 9.30 बजे तीर्थराज श्री अजीतनाथ जैन मंदिर, मन्दसौर से निकली जो विभिन्न मार्गो से होती हुई राजेन्द्र विलास जीवागंज पहुंची। रथ में गुरुदेव को लेकर बैठने का लाभ अशोक सौभाग्यमल बाफना और गुरूदेव को पहली गहुंली का लाभ पारसमल हिंगड परिवार ने लिया। गुरुदेव की वासक्षेप पूजा का चढावा मिश्रीलाल हिंगड परिवार को प्राप्त हुआ। चल समारोह के बाद राजेन्द्र विलास परिसर में गुरु राजेन्द्र गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्री संघ जनकपुरा मन्दसौर द्वारा स्वधमीर्वात्सल्य प्रात: 11.30 बजे किया गया। भोज के बाद गुरुपद महापूजन दोपहर 12.39 बजे तीर्थराज श्री अजीतनाथ जैन मंदिर, मन्दसौर लाभार्थी शांतिलाल, राजकुमार, विपीन, सिद्धार्थ चपरोत परिवार द्वारा होगा जिसमें विधिकारक-संजय छाजेड़ रहे। रात्रि में प्रभुभक्ति का आयोजन हुआ जिसमें जयपुर की प्रसिद्ध संगीतकार डॉ. सीमा दफ्तरी ने अपने स्तवनों से संमा बंधा दिया। प्रभु भक्ति में लक्की ड्रॉ भी रखा गया जिसमें प्रथम 5जी मोबाईल - राकेश परमार संजित, द्वितिया स्मार्ट टीवी- श्रीमती प्रियंका सालेचा, तृतिया इन्डक्शन मनिष माली, चतुर्थ होम थियेटर भव्य हिंगड, पंचम ट्राली बैग कु. दिनल सालेचा, पष्टम स्मार्ट घडी श्रीमती मोना कोठारी और सप्तम स्मार्ट घडी सीए प्रतिक डोसी के खुली।

### सर्वाधिक गुरूमंत्र के जाप करने वाले सम्मानित

महोत्सव के अंतर्गत ह्रीं श्रीं अर्हं गुरुदेव प्रभु श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी गुरुभ्यो नम: के जाप भी चल रहे थे। दिनांक 26 दिसम्बर 2025, शुक्रवार प्रात: 9 बजे से दिनांक 27 दिसम्बर 2025, शनिवार सायं 5 बजे से सर्वाधिक जाप करने वालें तीन महानुभावों को राजमल सुरेन्द्रकुमार लोढ़ा परिवार द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसके अंतर्गत श्रीमती कुसुम लोढा, हरिष चपरोत और श्रीमती शकुंतला सोनगरा को सम्मानित किया गया।